

नवभारत
इंदौर, बुधवार, 31 दिसंबर, 2025


## एक नजर में

### सकल पंच बंजारा समाज का बड़ा फैसला, एसटी आरक्षण के लिए जिले भर में चलेगा जनजागृति अभियान



**बुरहानपुर।** जिले के नर्मदेश्वर धाम बड़ा टांडा सरसपुरी महाराज के पावन सानिध्य में आज सकल पंच बंजारा समाज, जिला बुरहानपुर की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल करने की मांग रहा। समाज के वरिष्ठों और युवाओं ने एक स्वर में मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के समक्ष अपनी आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।

**समान संस्कृति, फिर अलग श्रेणी क्यों :-** बैठक में वक्ताओं ने प्रमुखता से यह मुद्दा उठाया कि बंजारा समाज भारत के कई अन्य राज्यों में अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल हैए लेकिन मध्य प्रदेश में इसे अन्य पिछड़ा वग की श्रेणी में रखा गया है। समाज के प्रतिनिधियों ने तर्क दिया कि समान जीवनशैली पूरे देश में बंजारा समाज का रहन.सहनए बोली.भाषा और खान.पान एक समान है। समान परंपराएंरू समाज का पहनावाए आचार.विचार और सांस्कृतिक व्यवहार हर राज्य में एक जैसा है। वक्ताओं ने कहा कि जब सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान एक हैए तो आरक्षण के मामले में मध्य प्रदेश के बंजारा समाज के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तकै ज् आरक्षण के महत्व को पहुँचाया जाएगा। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार.प्रसार किया जाएगा ताकि समाज के युवा अपने संवैधानिक अधिकारों को समझ सकें और एकजुट होकर हक की लड़ाई लड़ें। समाज के वरिष्ठ जनों ने कहा कि यह केवल आरक्षण की मांग नहीं हैए बल्कि समाज के अस्तित्व और सही पहचान को स्थापित करने की लड़ाई है। बैठक में समाज के युवाओं और वरिष्ठों ने एकजुटता दिखाते हुए आगामी रणनीति पर चर्चा की। आंदोलन को गति देने अगली बैठक 18 जनवरी 2026 को शिकारपुरा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में आगे के बड़े आंदोलनों और शासन को दिए जाने वाले ज्ञापन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### आकस्मिक प्रयोजन पर मदिरा उपभोग के लिए आकस्मिक लाइसेंस एफएल 5 प्राप्त करें : शर्मा



**बुरहानपुर।** जिला आबकारी अधिकारी पार्थ सारथी शर्मा ने बताया कि आकस्मिक प्रयोजन तिथि विशेष पर मदिरा उपभोग के लिए आकस्मिक लाइसेंस एफएल 5 ले सकते हैं जिसकी लाइसेंस फीस ,आवेदन प्रक्रिया एवं शर्त निम्न अनुसार रहेगी। आकस्मिक लायसेंस ;एफ .एल.5 की लायसेंस फीस एवं ऑनलाईन आवेदन करने की प्रकिया। आकस्मिक प्रयोजन के लिए एक दिन तिथि विशेष के लिए ;एफ.एल.5 लायसेस हेतु दैनिक लायसेंस फीस निम्नानुसार रहेगी। निजी स्थल स्वयं के निवास पर एक दिन तिथि विशेष के लिये विदेशी मदिरा के उपयोग हेतु रूपये 500/- प्रति लायसेंस। सार्वजनिक स्थल,जिसमें लॉजिंग एवं बोर्डिंग न हो ,जैसे विवाह स्थल मैरिज गार्डन, सामुदायिक भवन पर एक दिनांक तिथि विशेष के लिए विदेशी मदिरा के उपयोग हेतु रूपयवे 5000/-प्रति लायसेंस। लॉजिग एवं बोर्डिंग की सुविधा वाले नियमित भोजन विक्रय के केन्द्रों होटलध्रेस्टोरेन्ट पर एक दिन ;तिथि विशेष के लिए विदेशी मदिरा के उपयोग हेतु रूपये 10,000/- प्रति लायसेंस। वर्ष 2025.26 से व्यवसायिक किस्म के कार्यक्रमों / आयोजनों अर्थात ऐसे कार्यक्रमध्आयोजन जिनमें प्रवेश निर्धारित शुल्क के भुगतान के आधार पर दिया जाना हैए के दौरान मदिरा का उपयोग अनुमत करने के लिए प्रासंगिक अनुज्ञप्ति एफएल.5 की लायसेंस फीस निम्नवत रहेगी। अधिकतम 500 तक 25 हजार रूपए , कार्यक्रम में भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या 2 500 से लेकर अधिकतम 01 हजार तक 50 हजार रूपए। 01 हजार से लेकर अधिकतम 02 हजार तक 75 हजार रूपए । 02 हजार से लेकर अधिकतम 05 हजार तक 01 लाख रूपए एवं 05 हजार से अधिक 02 लाख रूपए शुल्क रहेगा। विदेशी मदिरा के आकस्मिक लायसेंस एफ एल.5 की स्वीकृति के आवेदन ऑनलाईन के होमपेज पर मेनू पर क्लिक कर मोबाईल नम्बर से ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर उसे भरकर एवं से भी स्वत लायसेंस जनरेट कर सकते है। आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर के निर्देशानुसार मदिरा के अवैध उत्पादन, सग्रहण, परिवहन एवं विकय के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु विशेष टीम बनाई गई है। नये वर्ष पर विशेष अभियान बलाया जाकर होटल, रेस्टोरेन्ट/डाबा के द्वारा बिना विधिक अनुमति/लायसेंस के ग्राहकों को मदिरा उपभोग करायेगें, उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी। विभाग के द्वारा मदिरापान करने वाले व्यक्तियों से यह अनुरोध है बिना लायसेंस वाले परिसर में मदिरा का उपभोग न करें। केवल विभाग द्वारा जिन होटल/रेस्टोरेन्ट/ ढाबों को लायसेंस अनुमत किया गया है उसी परिसर में ही मदिरा का उपभोग करें।

### पुलिस द्वारा अपराधों में जब्त अवैध फायर आर्म्स विधिसम्मत नष्ट कार्रवाई



**बुरहानपुर।** पुलिस महानिरीक्षक इदौर ग्रामीण जोन,इंदौर द्वारा जिला बुरहानपुर के निरीक्षण के दौरान दिये गये आदेश के पालन में पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशानुसार जिले के थानों में जप्त अवैध आर्म्स व कारतूस का समय पर निराकरण की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में थाना शिकारपुरा, लालबाग, गणपति नाका, नेपानगर, खकनार, शाहपुर एवं निम्बोला में भादवि एवं आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज प्रकरण जिनमें माननीय न्यायालय द्वारा विचारण पूर्ण कर जप्त शुदा अवैध आर्म्स के नष्टीकरण का आदेश पारित किया गया था। ऐसे कुल 29 प्रकरणों में जप्त किये गये अवैध 69 फायर आर्म्स एवं 15 कारतूसों का विधिसम्मत रूप से नष्टीकरण दिनांक 30 दिसम्बर 2025 को संपन्न किया गया। नष्टीकरण कार्यवाही जिला रक्षित केन्द्र बुरहानपुर में माननीय न्यायालय के आदेशानुसार श्रीमान कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा गठित समिति की उपस्थिति में समस्त विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया। इस कार्यवाही के दौरान अपर कलेक्टर,वीरसिंह चौहान, डिप्टी कलेक्टर अजमेर सिंह गौड,अनुविभागीय अधिकारी भागीरथ बाखाला,उप पुलिस अधीक्षक प्रीतमसिंह ठाकुर, प्रभार अति. पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटील, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निर्भय सिंह अलावा, रक्षित निरीक्षक सुनिल दीक्षित, थाना प्रभारी शिकारपुरा निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान, थाना प्रभारी नेपानगर निरीक्षक ज्ञानु जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### भागवत कथा श्रवण के समापन पर पंडित आदित्य मुखिया जी ने कहा

# भागवत कथा का जो श्रवण करता है उसके जीवन में सदैव कल्याण होता है

### महापौरमाधुरी अतुल पटेल ने भक्तजनों को प्रसाद का वितरण किया





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पटेल दंपति द्वारा इंदिरा कॉलोनी स्थित गोकुल धाम ग्रीन पार्क सोसायटी माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित भागवत कथा श्रवण के आखरी दिन समापन अवसर पर पंडित आदित्य मुखिया जी ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करता है उसके जीवन में सदैव कल्याण होता है प्रत्येक वैष्णव जन ने इस कथा का वाचन करना चाहिए यह अलौकिक संपत्ति का सृजन करता है वह वह सच्चा वैष्णव है और ऐसा करना उसकी नैतिक कर्तव्य है यह मेरा संस्कार है जो मुझे मेरे पिता श्री हरि कृष्ण मुखिया के द्वारा प्राप्त हुआ है इस कलयुग में प्रभु का नाम लेने से हमारा उद्धार हो जाता है कलयुग का सबसे बड़ा गुण यह है कि वह प्रभु के नाम स्मरण करने वाले का कल्याण करता है। उपरोक्त विचार आज भागवत कथा श्रवण में सप्ताह के समापन अवसर पर कथाकार पंडित आदित्य मुखिया जी ने व्यक्त करते हुए कहा कि श्री कृष्णा और रुक्मणी का विवाह कोई सामान्य विवाह कथा नहीं है यह जीवात्मा और परमात्मा की कथा है जरासंध और भीम के युद्ध का वर्णन करते हुए कहा कि बुढ़ापा यह अंतिम अवस्था है इसके युद्ध को जितना है तब ईश्वर की ओर देखें वही आपके लक्ष्य तक पहुंचाएगा। मानव की उत्तर अवस्था में कम बोले कम खाए सलाह ना दे मेहमान बन कर रहे सबकी प्रशंसा करें यह चारों व्यवस्था उत्तर अवस्था में आवश्यक है।

प्रभु की लीला को कहीं मानव नहीं समझ पाते हैं इसे समझने के लिए साधु संत ज्ञानी और मनस्वी तथा तपस्वी के पास जाना चाहिए वह बताते हैं जरासंध के कैद से मुक्त 16000 कन्याओ से विवाह करने के लिए प्रभु ने 16000 रूप धारण किए थे वर्तमान में हिंदू समाज की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए मुखिया जी ने कहा कि हम अपने संस्कारों को ना भूले शराब पीकर धार्मिक चल समारोह में नृत्य करना गुलाल फेंकना हमारी संस्कृति में नहीं है हम अपने संस्कारों का सदा ध्यान रखें। अपने प्रभु की दिनचर्या का वर्णन करते हुए मुखिया जी कहते हैं कि प्रात: प्रभु दान करते थे हमारे ग्रंथो में दान का विशेष महत्व है किंतु धन का बढ़ना अच्छा नहीं माना गया है धन को सामाजिक धार्मिक कार्यों में लगाया जाना चाहिए इससे जीवन की नोका डूबने से बच जाएगी प्रभु प्रेम से प्रसन्न होते हैं भक्तों और प्रभु में परस्पर प्रेम आवश्यक है।

पूर्व महापौर श्री अतुल पटेल ने श्रीमद् भागवत कथा श्रवण के समापन अवसर पर कहा कि उनके परिवार के आपसी सलाह पर पंडित आदित्य मुखिया जी 22 वीं कथा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। आज भगवान की कृपा से यह आयोजन यहां संपन्न हो रहा है इसमें आपकी उपस्थिति के लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। श्री पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि अटल जी का में ऋणी हूं की उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लिए जिया मुझे महापौर होने के नाते पार्टी का संदेश आया कि आप अटल जी की जन्म शताब्दी जयंती के अवसर पर बुरहानपुर शहर में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए तथा उनके नाम पर मार्ग का नाम अटल जी के नाम पर रखा जाए जीवन में उनके प्रति जिनका कोई नहीं है उनका पूरा देश उनका है लेकिन उनका अपना परिवार नहीं था किंतु उनके कल्याण के लिए उनकी जयंती पर उनके नाम से 16 वी पोथी बैठाई गई

इस अवसर पर बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस ने कथा में उपस्थित भक्तगणों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्णा मुखिया ने ऐसे पुत्र को जन्म दिया जो संसार के लिए अमृत कथा कर रहे हैं यह संस्कार उन्हें अपने परिवार से ही मिला ऐसे आयोजन के लिए पटेल दंपत्ति के प्रति में अपना आभार प्रकट करती हु तथा में कहना चाहती हूं कि आपने अटल जी की 101 भी जयंती पर उन्हें महत्व दिया यह आपका श्रेष्ठ प्रथम है दक्षिण की काशी के ब्रह्मपुर में आदित्य मुखिया जी की कथा सुनना पुण्य कर्म है।

भागवत कथा श्रवण के समापन अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस ,श्री कृष्णा मुखिया ,मुकेश हरि किशन तंबाकू वाले ,राजू भाई जोशी,राजेश बजाज ,इंद्रसेन देशमुख, हंसराज देवड़ा ,श्रीमती गौरी दिनेश शर्मा ,चेतन कुमार देशपांडे ,सूर्यकांत मास्टर ,संतोष श्रॉफ , रामेश्वर मंत्री ,धनराज महाजन ,नितेश रोशन दलाल ,आशीष शुक्ला ,अशोक महाजन, संध्या शिवहरे ,प्रदीप कसेरा ,विजय सेवड़े ,प्रशांत श्रॉफआदि भक्त गण उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय ज्ञान का महासागर है जिसकी शिक्षा की खुशबू बिखर जाती है : डॉ . अफरोज





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** एलएनसीटी शिक्षा के मापदंडों पर खरा उतरता विश्व विद्यालय देश की भावी पीढ़ी शिक्षा, स्वास्थ्य, के साथ साथ हर वह फैकल्टी जिससे युवाओं के भविष्य में निखार लाया जा सकता है ऐसे युवाओं का भविष्य गढ़ने भोपाल,इंदौर ,जैसे बड़े शहरों से आगे बढ़कर छोटे शहर बुरहानपुर के अंबिका रेसिटेंसी पहुंची है। अंबिका होटल के प्रेस रूम में पहुंचकर अपने और अपनो के बीच औपचारिक भेंट कर शिक्षा का पायदान स्कॉलरशिप, फैकल्टी सहित विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रख विद्यापीठ की नींव 10 वी 12 वी की नई पौध को सीधे जोड़ने की राह पर विचारों के माध्यम से जोड़ने के प्रयास पर निकली है।

कार्यक्रम के अतिथि के तौर पर उपस्थित डॉ निखत अफ्रोज ने अपने ओजस्वी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी उपस्थिति पाकर रोशन हुआ बुरहानपुर का आंगन,नजारो की अब जरूरत नहीं है , रोशनी बनकर जो आप कार्यक्रम में आ गए सितारों की जरूरत अब जरूरत नहीं है। शिक्षा. पत्रकारिता से जुड़े क्षेत्र से उपस्थित द्रोणाचार्य रूपी गुरुओं को अपने अपने क्षेत्र में उपलब्धि पर संस्था के विस्तार के साथ द्रोणाचार्य पुरस्कार कार्यक्रम में डॉ निखत ने आगे बढ़ते हुए आंखों मे खुशी लबों पर हंसीए ग़म का कही नाम न होए एलएनसीटी लाए है आपके जीवन मे शिक्षा की खुशियां, अब असाक्षरता का कही स्थान न हो' उपस्थित जन समूह में जोश भरा।

द्रोणाचार्य पुरस्कार में शिक्षा एवं चौथा स्तंभ से उपस्थित पत्रकारों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन एलएनसीटी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। डॉ निखत अफ्रोजए विजय राठौरए अजीत सिंह के आतिथ्य में संपन्न कार्यक्रम में एक मंच एक सूत्र शिक्षा क्रांति पर सभी ने अपने विचार रख भविष्य निर्माता बनने पर जोर दे एलएनसीटी विद्यापीठ के विषय में विस्तृत रूपरेखा राजेश शुक्ला,कोनिका शिवहरे पुष्पेंद्र तोमर,दीप्ति जैन,आनंद वैष्णव, बालेश्वर परिहार द्वारा बताई है। आयोजन समिति द्वारा शिक्षकों . समाचार पत्रए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ब्यूरो टीम का स्वागत किया गया। जिसमें विजय निम्भोरकर, मोहसिन तड़वी, राकेश चौकसे,रिजवान खान, राकेश पूर्वे को उत्कृष्ट लेखन के साथ चौथा स्तंभ के सजग प्रहरी होने के लिए स्वागत सम्मान किया गया। अंत में सभी ने एक स्वर मे कहा एलएनसीटी केवल विश्व विद्यालय नहीं ज्ञान का महासागर है जिसकी हवाओं मे शिक्षा की खुशबू बिखेरी जाती है।

## सीएस योगेश चौधरी के वेस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल अध्यक्ष बनने पर बुरहानपुर में हर्ष



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की प्रतिष्ठित वेस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल के वर्ष 2026 के लिए अध्यक्ष पद पर सीएस योगेश चौधरी के निर्वाचित होने पर बुरहानपुर में हर्ष और गौरव का वातावरण है। सीएस योगेश चौधरी वर्तमान में मुंबई में प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी के रूप में कार्यरत हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के अवसर पर ताप्ती सेवा समितिए बुरहानपुर द्वारा उनके माता.पिता के निवास पर पहुँचकर शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। समिति की अध्यक्ष सरिता भगत ने इस अवसर पर कहा कि शहर के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। सीएस योगेश चौधरी की यह उपलब्धि हमारे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और उन्हें उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम का सफल नियोजन बापू चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजू खेड़कर, धर्मेंद्र सोनी, अत्ताउल्लाह खान,विजय राठौड़, भूपेंद्र जूनागडे,नंदकिशोर वाने, अजय राठौर, राजेश भगत, राजकुमार बचवानी, डॉ.युसुफखान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति की ओर से सीएस योगेश चौधरी को उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं तथा उनके माता.पिता के प्रति सम्मान एवं अभिनंदन व्यक्त किया गया।

## संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनसुनवाई



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नगर निगमए आवासए राजस्वए महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधी करीबन 58 आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गयी। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये नागरिकों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा करते हुए समाधान के निर्देश दिये। जनसुनवाई में स्वास्थ्य विभागए पुलिस विभागए नगर निगमए खाद्य विभागए महिला एवं बाल विकास विभागए सामाजिक न्यायए पेंशन सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीजल डालकर पति ने पत्नी को जिंदा जलाया, मौत



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** ग्राम बहादरपुर में एक युवक ने अपनी पत्नी को जिंदा दिया। उसने पत्नी पर डीजल डालकर आग लगा दी। महिला गंभीर रूप से झुलस गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना बहादरपुर गांव में मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्योति 33 और उसके पति अरुण का दो दिन से विवाद चल रहा था। आज सुबह भी दोनों में झगड़ा हुआ और अरुण ने ज्योति को आग के हवाले कर दिया। ज्योति को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी पति मौका देखकर फरार हो गया। महिला के परिजन ने आरोप लगाया है कि पति अरुण आए दिन ज्योति के साथ मारपीट करता था। उन्होंने सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, पति.पत्नी के बीच सोमवार रात से विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे दोनों के बीच किसी बात को लेकर फिर झगड़ा हुआ। इसी दौरान आरोपी पति ने पत्नी को कीचन में बंद करके आग लगा दी। घटना के समय आरोपी की मां और उनकी दो बेटियां घर पर मौजूद थीं। आरोपी एक तेल कारोबारी के यहां वाहन चालक है और परिवार का खेती.किसानी का भी काम है। ज्योति मूल रूप से जैनाबाद की रहने वाली थी। उसकी शादी बहादरपुर में हुई थी। दंपती की दो बेटियां हैं, जिनकी उम्र पांच और छह साल बताई जा रही है। लालबाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। लालबाग थाना प्रभारी अमित जादौन ने बताया कि सूचना मिली थी कि पति ने पत्नी को जला दिया है। पति.पत्नी के बीच पहले भी विवाद हो चुके थे। बहादरपुर के सरपंच प्रतिनिधि विजय उमाले ने बताया कि पड़ोस में मौजूद ज्योति की देवरानी ने उसे बचाने का प्रयास किया, जिससे वह भी झुलसने से बाल.बाल बची। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## एक नजर

### सम्मेलन के आयोजक गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन में 45 मित्र परिवार मौजूद थे

## सेवासदन कॉलेज के सन् 1981 से 84 बैच के विद्यार्थियों का स्नेह सम्मेलन





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** सुभाष स्कूल के विद्यार्थीयो द्वारा सन 1975 के बेच का 50 वा स्वर्ण जयंती मित्र मिलन समारोह मनाया गया स उसी के अंतर्गत सन 1981 से 84 के बीच के सेवासदन महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने चतुर्थ सम्मेलन दो दिवसीय आयोजित किया गया स सम्मेलन के आयोजक रविंद्र गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन में 45 मित्र परिवार सहित उपस्थित थे।

प्रथम दिवस विद्यार्थियों का परिचय एवं स्वागत किया गया स 13 विद्यार्थी जो अपने अपने शासकीय कार्यो से सेवानिवृत हुए है उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात चुनरी ओढाकर सभी मित्रों का फोटो लिया गया। दोपहर में सभी मित्रों द्वारा शहर के पर्यटन स्थल आऊखाना,शाही किला ,राजघाट पर घाटो के सौन्दर्यीकरण देख नौका विहार की सैर नागझिरी घाट तक की स नौका विहार का आनंद सभी ने लीया स शाम 7.00 बजे से राजस्थानी भवन में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दूसरे दिन प्रात: सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और स्कूल की कुछ ताजा यादो के किस्से सुना। सभी मित्रों को स्मृति चिन्ह गिफ्ट देकर सम्मानित किया स इस स्नेह सम्मेलन में मुंबई ,पुणे ,नाशिक,सूरत ,जलगांव ,बुलढाणा ,खंडवा, धुलकोट, इंदोर, भोपाल बुरहानपुर के साथियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी साथियों का विशेष योगदान रहा। जिसमे हेमंत गोविंदजीवाला, मनोज तारवाला, जगदीश हजारी, अशोक पवार,सुनील माहेश्वरी, बलराज नावानी ,अशोक जैन,रसिक दलाल,जीवट रोचलानी, यशवंत चोकसे, कायम सुरूरी , रविंद्र गुप्ता ने बताया कि आगे भी ऐसा आयोजन बार.बार करेंगे। हम अपने समय से समय निकालकर यहां दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में आप सब सभी का आभार है स सभी मित्रो ने आयोजक समिति को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी।



## छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु भावनात्मक कल्याण सत्र



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** शासकीय हायर सेकण्डरी बोदरली में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु भावनात्मक कल्याण सत्र संपन्न हुआद्य विद्यार्थियों के मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भावनात्मक कल्याण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि डाक्टर योगेश पाटिल, कैलाश पाटिल एवं ब्लॉक योग प्रभारी विजय महाजन ने तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच,ध्यान, आत्म.जागरूकता और सहानुभूति जैसे विषयों पर संवादात्मक सत्र लिए। गतिविधियों में समूह चर्चा, ध्यान अभ्यास और रचनात्मक अभिव्यक्ति शामिल रही,जिससे विद्यार्थियों ने अपनी भावनाओं को पहचानने और स्वस्थ तरीके से व्यक्त करने की सीख प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र चौधरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। छात्रों में भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य की समझ विकसित करने की आवश्यकता है। आत्म. जागरूकता का अभ्यास करेंरू अपनी भावनाओं, विचारों और ट्रिगर्स को पहचानने और समझने के लिए समय निकालें। तनाव से निपटने के कौशल विकसित करेंरू तनाव को प्रबंधित करने के लिए स्वस्थ तरीके सीखेंए जैसे गहरी सांस लेनाए सचेत रहना और आराम की तकनीकें। -ऐसी गतिविधियों के लिए समय निकालें जो आपके मनए शरीर और आत्मा को पोषण दें,जैसे व्यायामए शौक और प्रकृति में समय बिताना।